रंग दे मैया की चुनरिया

रंग रेजीया रंग दे मैया की चुनरिया,
रंग ऐसा रंग दे के सारी रे नगरिया,
रंग रेजीया रंग दे मैया की चुनरिया.....

नौ रंग रंगों वाली रंग दे किनारी,
ओढ़ के मैया रानी लागे रे प्यारी,
चुनर ऐसी ले मै जाऊ माँयी की रे दुवरिया,
रंग रेजीया रंग दे मैया की चुनरिया....

कहते है लाल रंग मैयाजी को भाए,
लाल लाल फुलवा केसर रंग दे चढ़ाये,
दुल्हन सी लागे मोरी माई की मुरतिया,
रंग रेजीया रंग दे मैया की चुनरिया....

झिलमिल सितारों वाले टका देना बूटे,
भक्ति रंग ऐसो रंग जो छुटाए ना छुटे,
बेनाम की रंग जाये सारी रे उमरिया,
रंग रेजीया रंग दे मैया की चुनरिया.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/26869/title/rang-de-mayia-ki-chunariya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |